महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड द्वारा निगमित कर का भुगतान

847. **श्री चौधरी हरमोहन सिंह :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड द्वारा अपनी स्थापना से लेकर अब तक निगमित कर के रूप में कितने धन का भुगतान किया गया है ;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान वर्ष-वार कर के रूप में इसके द्वारा कितनी धनराशि का भुगतान किया गया है ; और

(ग) क्या सरकार उपर्युक्त करों का भुगतान न करने के कारण महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड को बंद करने का विचार कर रही है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): (क) एम०टी०एन०एल० द्वारा अपनी स्थापना से लेकर 31-12-92 तक निगमित कर के रूप में 618,59, 31071.09 रुपए की राशि का भुगतान किया गया है जिसमें मूल्यांकन वर्ष 93-94 के लिए अग्रिम कर भी शामिल है ।

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान वर्षवार प्रदत्त कर की राशि इस प्रकार है : (रुपयों में)

मूल्यांकन वर्ष 1990-91

(वित्तीय वर्ष 89-90) —30,90,58,363

मूल्यांकन वर्ष 91-92

(वित्तीय वर्ष 90-91)—80,58,96,846

मूल्यांकन वर्ष—92-93

(वित्तीय वर्ष 91-92)—233,57,35,574

(ग) जी, नहीं। एम०टी०एन०एल० ने सभी वर्षों के लिए निगमित कर का भुगतान कर दिया है ।

गुजरात के लिये टेलीफोन डायरेक्टरी का प्रकाशन

848. **श्री राम सिंह राठवा :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गुजरात में टेलीफोन डायरेक्टरी का प्रकाशन टेंडरों के निपटान में विलम्ब और ठेकेदारों द्वारा विलम्ब किये जाने के कारण समय पर नहीं हो सका है ;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान ठेकेदारों के खिलाफ सरकार ने क्या कार्यवाही की है ; और

(ग) टेंडरों का तेजी से निपटान न किये जाने के क्या कारण हैं ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और इसे सभा-पटल पर रख दिया जाएगा ।

उत्तर प्रदेश में इलैक्ट्रानिक एक्सचेंजों की स्थापना

849. **श्री ईश दत्त यादव :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश में इलैक्ट्रानिक एक्सचेंजों को लगाने के निर्धारित कार्यक्रम में देरी हो रही है ;

(ख) यदि हां, तो किन-किन स्थानों पर इस कार्य में देरी हुई है और उसके क्या कारण हैं; और

(ग) वर्ष 1992 के दौरान सरकार को किन-किन स्थानों पर इलैक्ट्रोनिक एक्सचेंज लगाने थे ।

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और इसे सभा-पटल पर रख दिया जाएगा ।